बी०एच०ई०एल० बिजली उत्पादन उपकरणों के संभरण के लिए डिलीवरी अनुसूचियों को पूरा करने के लिए कुल मिलाकर सक्षम है ।

बी०एच०ई०एल० में कोई आर्थिक संकट नहीं है क्योंकि कम्पनी पिछले कई वर्षों से निजी संसाधान बढ़ा रही है और लाभ कमा रही है । विदेश से परियोजना लगाने से कम्पनी के देश में लगे हुये कार्य संचालनों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

टायरों के मूल्यों के सम्बन्ध में औद्योगिक लागत और मूल्य ब्यूरो द्वारा मूल्यांकन

1433. **श्री राम नरेश यादव :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि औद्योगिक लागत और मूल्य ब्यूरो ने गत वर्ष टायरों के मूल्यों का मूल्यांकन किया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि मूल्यांकन करते समय ब्यूरो ने टायरों की कीमतों को उनकी न्यायोचित कीमतों से अधिक पाया ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस सम्बन्ध में कोई कारगर कदम उठाये है , और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इस सम्बन्ध मे उठाय गये कदमों के क्या परिणाम निकले ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम्) : (क) से (घ). औद्योगिक लागत तथा मूल्य ब्यूरो ने मई, 1986 में निर्विष्टियों को विद्यमान लागत के आधार पर टायरों का उचित प्रमाणिक मूल्य सुझाया था किन्तु चूंकि रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद में, टायर बनाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण कई विनिष्टियों की लागत काफी बढ़ गई थी, इसलिए सरकार ने औद्योगिक लागत तथा मूल्य ब्यूरो से अपनी सिफारिश अद्यतन बनाने का अनुरोध किया है ।

Criteria for foreign collaborations in essential and non-essential items

1434. SHRI NARAYAN KAR: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) what are the criteria for allowing foreign collaborations in both essential and non-essential items; and

(b) whether in all such collaborations provisions to extend know how for establishing suitable auxiliary industries are included?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) Import of technology is governed by the Technology Policy statement of the Government. The basic principles/governing the import are that it is permitted only on selected basis where the need has been established, technology does not exist within the country, the time taken to generate the technology indigenously would delay the achievement of development targets etc. Requests for technology import are, therefore, considered based on the above governing principles after due evaluation.

(b) Normally requests for import of knowhow for establishing auxiliary industry are not made in the collaboration proposals. However, where such requests are made, these are considered on merits by the Government.

चन्द्रसिंह गढ़वाली के सम्मान में स्मारक डाक टिकट का जारी किया जाना

1435. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी तथा काला पानी की सजा पाने वाले श्री चन्द्र सिंह गढ़वाली, जिनकी 1 अक्तूबर, 1979 को डा० राम मनोहर लोहिया अस्पताल;